क्षमा भाव हम जैनियों की निशानी भजन लिरिक्स

क्षमा भाव हम जैनियों की निशानी,
जीवों के प्रति क्षमा भाव धरें प्राणी।bd।

तर्ज – राम भक्त ले चला रे।

पर्व पर्युषण जो है आते,
दस धर्मो का सार बताते,
अंत में मनाएं हम पर्व क्षमावाणी,
क्षमा भाव हम जैनियो की निशानी,
जीवों के प्रति क्षमा भाव धरें प्राणी।bd।

क्षमा भाव जीवन में जो पाले,
करुणा का दीपक मन में जलाले,
धन्य उसका जीवन धन्य वह प्राणी,
क्षमा भाव हम जैनियो की निशानी,
जीवों के प्रति क्षमा भाव धरें प्राणी।bd।

प्रभु महावीर ने संदेश बताया,
जियो और जीने दो का पथ दिखलाया,
हम भी क्षमा वान बने धीर वीर प्राणी,
क्षमा भाव हम जैनियो की निशानी,
जीवों के प्रति क्षमा भाव धरें प्राणी।bd।

क्षमा भाव हम जैनियों की निशानी,
जीवों के प्रति क्षमा भाव धरें प्राणी।bd।

गायक एवं लेखक – अंश जैन, इंदौर।
संपर्क – 7999872023

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com